हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025

11 एपीएस स्कूल में हुआ गरबा छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

12 9.52 लाख की लागत से चबूतरा निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन




Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

प्रवेश प्रारंभ
SHRI SAI COLLEGE
सीमित सीट/न्यूनतम फीस
•D.Pharma
•B.Ed.•ITI Electrician*
•ITI (Computer/COPA)
•ITI (Health Inspector)
•ITI Data Entry Operator*
OBC/SC/ST/ अल्पसंख्यकों को शासन की छात्रवृत्ति
श्री साई कॉलेज
श्री साई फार्मेसी कॉलेज
श्री साई आईटीआई
पचरिया रोड, नंदिनी- अहिवारा, दुर्ग
Contact : 70241-38402

## हादसा : सड़क पर गिरने से सिर और कई हिस्सों में आयी थी गंभीर चोट

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर


हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

एनएच-30 मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोपेड पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनमें से एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना 26 सितंबर को शाम करीब 4.45 बजे हुई। चंदनबिरही निवासी किशुन साहू (मृतक) अपने साथी भैय्या राम सोरी के साथ अपनी टीवीएस मोपेड क्रमांक सीजी 24 पी 9068 से चंदनबिरही से चिटौद बाजार जा रहे थे। शाम लगभग 5 बजे, जब वे एनएच-30 मार्ग पर चिटौद-चंदनबिरही मोड़ ढाबा के पास पहुंचे, तभी पुरूर की ओर से आ रही एक कार क्रमांक सीजी 04 एलजे 3399 के चालक ने अपनी गाड़ी को तेज और खतरनाक तरीके से चलाते हुए मोपेड को जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर के बाद किशुन साहू और भैय्या राम सोरी मोपेड सहित सड़क पर गिर गए और उन्हें सिर, मुंह, पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घायल किशुन साहू के बेटे राजू लाल साहू 49 वर्ष को रूपेश सेन द्वारा घटना की जानकारी दी गई। राजू साहू तत्काल सरपंच गोकुल ठाकुर और रूपेश साहू के साथ घटनास्थल पहुंचे। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल धमतरी ले जाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें बेहतर इलाज के लिए धमतरी से एकता अस्पताल धमतरी रेफर किया गया था।

दुर्घटना के बाद घायल किशुन साहू के बेटे राजू लाल साहू ने कार चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 184 एलके, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घायल किशुन लाल का इलाज के दौरान निधन हो गया है।




### तालाब में मिला बुजुर्ग का शव



बालोद। ग्राम भोईनापार के तालाब में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला, इसके बाद गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान नहीं हो पाई है तथा पुलिस अज्ञात शव के पहचान में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम भोईनापार में अपना खेत देखकर तालाब पार के माध्यम से आ रहे लोगों को अचानक तालाब में शव दिखा, इसके बाद अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई, जहां शव को देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव ग्रामीणों की मदद से तालाब से बाहर निकाला और शव का पंचनामा कर मॉर्च्यूरी में रखवाया है। तालाब में शव मिलने की सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर इसके पहचान की कोशिश करते रहे, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। तालाब में लंबे समय से शव रहने के कारण शव सड़ने लगा था। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक उनके गांव का नहीं है तथा यह शव किसका है और यह शव यहां तक कैसे पहुंची इसकी जांच की जानी चाहिए ताकि मृतक की पहचान के साथ यह मामला हत्या या आत्महत्या इसकी जांच की जानी चाहिए।

# राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में बालोद विजेता




हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

■ जीत पर कलेक्टर व एसपी ने खिलाड़ियों और कोचों को दी बधाई

23 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बालक बालिका वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन बालोद जिला में संपन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, राजनंदगांव, धमतरी, बलौदा बाजार, खेलो इंडिया सेंटर रायपुर, राजहरा माइंस, भिलाई, बालोद, बलरामपुर, दंतेवाड़ा, कवर्धा सहित कुल 20 जिलों ने उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें बालोद कि महिला खिलाड़ियों ने उपरोक्त प्रतियोगिता में कुल 163 अंक प्राप्त कर चौंपियनशिप प्राप्त किया वही रायपुर की महिला टीम 154 अंक प्राप्त कर उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु बालोद जिला वेटलिफ्टिंग के संरक्षक डोमेन्द्र भेड़िया और अध्यक्ष आरपी यादव का विशेष मार्गदर्शन पर जिला में लिफ्टिंग की सचिव नरेंद्र कुमार साहू ने कार्य किया और कार्यक्रम ⏭ शेष पेज 10 पर



## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

## खबर संक्षेप

### 5 रुपए के विवाद में दुकानदार का सिर फोड़ा, मामला दर्ज

**बालोद**। जिले में 5 रुपए के मामूली विवाद पर ग्राहक ने दुकानदार के साथ मारपीट करने और उसके सिर पर चूड़ा (कंगन) मारकर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ग्राहक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम कंवर सोनी पारा निवासी कोमल प्रसाद सोनी 65 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर को दोपहर करीब 1.30 बजे गांव का टोपेश कुमार बंधु अपने दोस्त लल्ला महिलांग के साथ उनकी दुकान पर आया। टोपेश ने पानी पाउच, डिस्पोजल, बीड़ी, मिक्सचर और तारा पाउच खरीदा, जिसका कुल बिल 30 रुपए हुआ। टोपेश ने दुकानदार को 25 रुपए दिए। जब कोमल प्रसाद सोनी ने बाकी के 5 रुपए मांगे, तो टोपेश कुमार बंधु ने पैसे देने से इनकार ⏭ शेष पेज 10 पर

# दो दिनों की बारिश से जुझारा नाले में आयी बाढ़ पुल पर दो फीट पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा



आवागमन रहा बाधित

दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते शनिवार सुबह चिपरा से किल्लेकोड़ा मार्ग पर स्थित जुझारा नाला के पुल ऊपर से लगभग दो फीट पानी बहने लगा, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। सुबह स्कूल जाने वाले हाई स्कूल चिपरा के छात्र-छात्राएं और शिक्षक पुल पर पानी के तेज बहाव के कारण स्कूल नहीं जा पाए। ग्रामीणों का भी दूसरे ग्रामों में और किसानों का खेत जाना बंद हो गया था। हालांकि, सुबह 10 बजे के बाद कुछ ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पुल पार करने लगे।

हाई स्कूल चिपरा के प्राचार्य बहादुर सिंह जघेल ने बताया कि मानसून शुरू होने से पहले ही बच्चों को पुल पार न करने का निर्देश दिया गया था। आवागमन बाधित होने पर, छात्रों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्राथमिक शाला भवन में बैठाकर अध्यापन कराया गया। इस हाई स्कूल में चिपरा सहित भर्रीटोला, रजही, ककरेल, जुनवानी और मरकामटोला के छात्र पढ़ते हैं।

**उच्चस्तरीय पुल निर्माण में देरी पर नाराजगी-** ग्रामीणों ने बताया कि पुल की ऊंचाई कम होने के कारण हर साल बरसात में आवागमन रुक जाता है। उन्हें किल्लेकोड़ा पहुंचने के लिए डोंडी लोहारा की ओर से लगभग 30 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद 2022-23 के बजट में इस मार्ग पर जुझारा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 211.94 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति (दिनांक 10-01-2023) दी गई थी।

प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के 32 माह बाद भी पुल निर्माण के संबंध में कोई पहल नहीं दिखने से ग्रामीणों में भारी रोष है। वे छत्तीसगढ़ में वर्तमान भाजपा शासन द्वारा कांग्रेस शासन काल में स्वीकृत कार्य को शुरू कराने में आनाकानी करने का आरोप लगा रहे हैं। ग्राम सरपंच यश राणा ने शासन-प्रशासन से इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की है, ताकि बरसात के दिनों में ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और किसानों को आवागमन में हो रही परेशानी से मुक्ति मिल सके।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु

विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

# महिला के पेट में लगा टांका खुला, लापरवाही का आरोप, डाक्टरों ने कहा- समुचित उपचार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डिलीवरी के बाद महिला के पेट में लगाया गया टांका खुल गया। गंभीर स्थिति और अत्याधिक रक्तस्राव के बीच उसे आंबेडकर अस्पताल लाया गया, जहां परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया में मामला वायरल होने पर अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डाक्टर ने कहा कि महिला का समुचित इलाज किया जा रहा है। संभवतः पोषण की कमी के कारण टांका खुल गया था। जख्म भरने के बाद पुनः टांके लगाए जाएंगे, तब तक जरूरी दवाओं से उसका इलाज किया जा रहा है।

बिरगांव में रहने वाली ऐरम सबा पति तबरेज की 13 सितंबर को आंबेडकर अस्पताल में डिलीवरी हुई थी। महिला का इसके पहले तीन बार सिजेरियन ऑपरेशन हो चुका था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत उसका ऑब्स हिस्ट्रेक्टोमी किया गया। इस दौरान मरीज को 14 यूनिट ब्लड प्रोडक्ट दिए गए थे। प्रसव के बाद पेट में टांके लगाकर छुट्टी दे दी गई थी। बताया जाता है कि 22 सितंबर को टांके खुलने की शिकायत पर उसे उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। अत्याधिक रक्तस्राव के कारण महिला की स्थिति गंभीर थी। इस दौरान परिवार वालों ने सही इलाज नहीं करने के साथ लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। महिला की तस्वीर के साथ मामला सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया कि महिला को समुचित उपचार प्रदान किया जा रहा है। स्त्री-प्रसूति रोग विभाग की विशेषज्ञ डॉ. रुचि किशोर गुप्ता ने बताया कि जांच में मरीज का टांका ऊपरी तौर पर खुला पाया गया परंतु अंदर से टांका जुड़ चुका था। मरीज में पोषण की भी कमी है, जो कि टांके के ऊपरी तौर पर खुलने का कारण हो सकता है। इसके लिये मरीज को आवश्यक दवाएं और एंटीबायोटिक शुरू की गई हैं। साथ ही योजना बनाई गई है कि घाव की स्थिति ठीक होने पर पुनः टांका लगाया जाएगा। फिलहाल मरीज को निरंतर चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया है।

**खास बातें**

- आंबेडकर अस्पताल का मामला, जख्म भरने के बाद फिर से लगाया जाएगा टांका
- 16 दिन पहले हुआ था प्रसव, कमजोरी के कारण 14 यूनिट ब्लड चढ़ाना पड़ा था



## खबर संक्षेप



### धुर्वाटोला में झांकी कार्यक्रम आज

**डोंडी।** नवयुवक सरस्वती उत्सव समिति धुर्वाटोला डौंडी के वार्ड नंबर 5 के तत्वावधान में इस वर्ष भी मां सरस्वती जी की मूर्ति स्थापना की गई, जिसमें सभी वार्डवासी उपस्थित रहे। आज जय बैगिनगुड़ी जस झांकी ग्राम निपानी जिला बालोद का कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से रखा गया है, जिसमें नवयुवक समिति के सदस्य रविकांत देशमुख, योगेश विश्वकर्मा, यज्ञदत्त मरकाम, बसंत विश्वकर्मा, रिंकू मरकाम, विनोद देवहारी, नीलेश मरकाम, विक्की मसीया, शिवम राई, नितिन मरकाम, नागेश देवहारी, अजय देवहरि, नवीन धुर्वे, निखिल मरकाम, डब्बू मरकाम मौजूद रहेंगे।

### कॉलेज में हुआ एड्स जागरूकता कार्यक्रम



**दल्लीराजहरा।** नेमीचंद जैन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कविता सिंह के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एड्स जागरूकता पर केन्द्रित एड्स उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. तेजेश्वर नेताम, मेडिकल ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ (जिला बीजापुर) रहे। उन्होंने कहा एड्स आज की सबसे भयावह बीमारियों में से एक है, जिसके मामले भारत में भी लगातार सामने आ रहे हैं। इसलिए इस विषय पर जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एड्स के कारण, संक्रमण के तरीके, निदान तथा वर्तमान में उपलब्ध संभावित उपचार जैसे बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्तव्य के बाद विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. प्रवीण गुप्ता ने किया, वहीं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अनुग्रहिता जॉन ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### परिक्षेत्र साहू संघ माहुद बी के अध्यक्ष बने हरदेव लाल सार्वा



**गुण्डरदेही।** परिक्षेत्र साहू संघ माहुद बी का चुनाव संपन्न हुआ। इसमे ग्राम हल्दी निवासी हरदेव लाल सार्वा को दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। वहीं पुरुष उपाध्यक्ष पद में शशि साहू भी दूसरी बार मनोनीत किए गए, महिला उपाध्यक्ष में ललिता देवी साहू, महिला संगठन सचिव में पदमा साहू, पुरुष संगठन सचिव में संतराम साहू को मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी के रूप में तहसील साहू संघ के दिलीप कुल्हारे, भानुमती साहू, नोहर साहू, दोषण साहू, ज्ञानेश्वर साहू ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी एवं हमेशा समाज सेवा में अग्रसर रहने के लिए आग्रह भी किया।

## कम समय में अधिक पैसे कमाने का दे रहे झांसा

# मुनाफे के लालच में हो रहे ठगी का शिकार सोशल मीडिया पर सेंध लगा रहे जालसाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

लोगों की जेब में सेंध लगाने जालसाज सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। जालसाज लोगों के पास चालानी कार्रवाई सहित वर्क फ्रॉम होम, शेयर ट्रेडिंग से संबंधित लिंक भेज कर ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसी तरह से जालसाज यूट्यूब का सहारा लेकर आकर्षक वीडियो अपलोड कर लोगों को कम समय में ज्यादा पैसा कमाने जैसे वीडियो अपलोड कर ठगी का शिकार बना रहे हैं। राजधानी के हाल के दिनों में जो ठगी की घटनाएं हुई हैं, उनमें जालसाज ने मोबाइल यूजर को इसी तरह से मैसेज भेज कर ठगी का शिकार बनाया है। टिकरापारा थाना में पिछले दिनों जिन लोगों ने अपने साथ पांच करोड़ रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, उन लोगों ने कर्नाटक, बेलगांव निवासी अनिरुद्ध दलवी की ए स्क्वायर ग्लोबल कंसलटेंसी कंपनी के बारे में यूट्यूब में जानकारी हासिल कर संपर्क किया था। संपर्क करने पर अनिरुद्ध ने उन लोगों को सौ दिन में रकम दोगुना करने का झांसा देकर कई फर्जी जानकारी साझा कर ठगी का शिकार बनाया। ठगी के जाल में फंसाने के लिए अनिरुद्ध भिलाई तथा रायपुर के होटल में उन लोगों से मुलाकात करने पहुंचा।

### अनजान लिंक से नहीं करें शेयर ट्रेडिंग

सोशल मीडिया प्लेटफार्म के अलग-अलग साइट में थोक में शेयर ट्रेडिंग के साथ क्रिप्टो करेंसी में दो से तीन माह के भीतर 50 से 100 प्रतिशत मुनाफा मिलने झांसा देने का विज्ञापन आता है। जानकारों के अनुसार शेयर ट्रेडिंग में कभी भी कोई तीन महीने में दोगुना मुनाफा नहीं दे सकता। इसीलिए लोगों को ऐसे विज्ञापनों के भ्रम जाल से फंसने से बचना चाहिए। शेयर ट्रेडिंग का काम अपने परिचित के अधिकृत व्यक्ति के साथ ही करना चाहिए। साथ ही जिनको शेयर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी नहीं है, उन्हें ऐसे विज्ञापनों से ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।



### इसलिए फंस रहे ठगी के जाल में

जालसाज लोगों को वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर हर महीने 25 से 30 हजार घर बैठे कमाई करने का लालच देकर लिंक भेजते हैं। जालसाज के झांसे में आकर जो लिंक में दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हैं, जालसाज उन्हें शुरुआती निवेश में प्रॉफिट मनी देते हैं। इसके बाद बड़ा टास्क देने का झांसा देकर ज्यादा रकम निवेश करने प्रेरित करते हैं। झांसा में आकर जो रकम निवेश करता है, उन्हें प्रॉफिट मिलने के चेक का स्क्रीन शॉट बनाकर भेजते हैं। लालच में फंसकर लोग और ज्यादा पैसे निवेश करने लगते हैं। प्रॉफिट की रकम वापस मांगने पर जालसाज कई तरह के टैक्स की राशि जमा करने के लिए कहते हैं। टैक्स की राशि जमा करने के बाद अन्य कारण बताते हुए और पैसों की मांग करते हैं। तब लोगों को अपने साथ ठगी होने का पता चलता है।

### इस तरह से नजर रखते हैं जालसाज

सोशल मीडिया यूजर जिस विषय का ज्यादा पोस्ट देखने के साथ पोस्ट करता है, जालसाज ऐसे लोगों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग करते हैं। इसके बाद उन्हें उनकी पसंद के अनुसार पोस्ट तथा लिंक भेज कर फंसाने का काम करते हैं। ऐसी स्थिति में लोगों को किसी अनजान लिंक ओपन करने से बचना चाहिए। सोशल मीडिया में आने वाले ज्यादातर विज्ञापन जालसाजों के होते हैं।

### अनजान लिंक से एप डाउनलोड

लोगों के साथ ठगी होने का एक बड़ा कारण सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी भी अनजान लिंक से एप डाउनलोड करना है। एप डाउनलोड करने की जरूरत पड़ने पर एंड्राइड मोबाइल यूजर को प्ले स्टोर तथा आईफोन यूजर को आईफोन एप से एप डाउनलोड करना चाहिए। इसके साथ ही किसी ऑनलाइन कंपनी के बारे में जानकारी जुटाने गूगल के साइट के बजाय संबंधित कंपनी के बारे में पूरी तरह से जानकारी जुटाकर लिंक ओपन करना चाहिए।

# निगम अमले ने हटाए 12 अवैध ठेले, व्यावसायिक भवन का अवैध निर्माण भी तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के महोबा बाजार से लेकर गुढ़ियारी मार्ग पर शुक्रवार को नगर निगम रायपुर ने टीम प्रहरी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क पर खुली 12 ठेला दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। साथ ही 4 दुकानों को जब्ती भी बनाया। साथ ही एक व्यावसायिक भवन के ऊपरी तल पर बिना अनुमति के किए गए अतिरिक्त निर्माण कार्य को भी तोड़ने की कार्रवाई की।

जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने बताया कि महोबा बाजार से गुढ़ियारी मार्ग तक टीम प्रहरी अभियान के तहत अवैध निर्माण एवं अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई किया है। इसके तहत महोबा बाजार स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर कब्जा कर खोली गई 12 ठेला दुकानों को हटाया गया। इस दौरान सड़क पर आवागमन की व्यवस्था सुधारने के लिए 4 ठेलों को जब्ती बनाया है। उन्होंने बताया कि महोबा बाजार-गुढ़ियारी जाने वाले मुख्य मार्ग में एक व्यावसायिक परिसर के ऊपरी हिस्से में नक्शा स्वीकृति के विपरीत अवैध रूप से अतिरिक्त निर्माण कार्य किया गया था। इस व्यावसायिक परिसर के संचालक को पूर्व में नोटिस जारी कर अवैध निर्माण कार्य को तोड़ने संबंधी निर्देश दिए गए थे।

इस नोटिस के बाद भी अवैध निर्माण को तोड़ा नहीं गया। इस मामले में अब कार्रवाई करते हुए गैस कटर मशीन से अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। इस पूरी कार्रवाई के दौरान उड़नदस्ता, जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# पाटन के ढाल सिंह वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिला के पाटन धमना से ढाल सिंह ने एक बार फिर से पूरे प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाया है। अखिल भारतीय संस्था निफा द्वारा उनका चयन यूथ चेंज मेकर अवॉर्ड के लिए किया गया। साथ ही उन्हें इंग्लैंड से वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। यह भव्य आयोजन प्रथम दिवस दिल्ली के भारत मंडपम में प्रारंभ हुआ फिर हरियाणा के करनाल में ढाल सिंह को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में भारत के सभी राज्यों से समाज सेवी शामिल हुवे एवं छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से ढाल सिंह को भी आमंत्रित किए। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण एवं पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता एवं करनाल के महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं जापान, इंग्लैंड, और मॉरीशस के मुख्य अतिथियों के ढाल सिंह को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह न केवल ढाल सिंह के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग जिला के लिए गर्व का विषय है। इस सम्मान के लिए उप निर्देशक नितिन शर्मा, लेखापाल आरती मिश्रा, मास्टर ट्रेनर जितेंद्र सोनी , आदित्य भारद्वाज, सरपंच लोकेश महलवार, खिलेद्र शिक्षक, खिलेश्वरी, डॉ. गुलाब साहू, मुकेश कुमार, उमेंद्र कुमार, गौरव, चंदन, मुकेश पटेल, भुवन लाल, प्रेमशंकर, वरिष्ठ सामाजिक पदाधिकारियों ने बधाई दी।

# नवरात्रि मुहूर्त में रजिस्ट्री में बूम 5 दिन में 13 करोड़ की आय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शारदीय नवरात्रि में इस बार रजिस्ट्री में बूम रही। 22 से 26 सितंबर के दौरान रायपुर पंजीयन कार्यालय में 8 सौ से ज्यादा रजिस्ट्रियां हुई हैं, जिससे पंजीयन फीस एवं स्टाम्प ड्यूटी के रूप में 13 करोड़ की आय हुई है। सामान्य दिनों की तुलना में रजिस्ट्री और आय जरूर ज्यादा हुई है, लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में दोनों में भारी गिरावट आई है। वर्ष 2024 में शारदीय नवरात्रि के दौरान 5 दिनों में 11 सौ से अधिक रजिस्ट्री हुई थी, वहीं पंजीयन फीस एवं स्टाम्प ड्यूटी से 25 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई थी। इस तरह इस बार रजिस्ट्री और आय दोनों में भारी कमी आई है।

### ब्रम्हाकुमारी में हुआ कार्यक्रम



**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवा केंद्र धमतरी के तत्वावधान में गुरुर सेंटर द्वारा पीएमश्री आत्मानंद स्कूल एक्सीलेंस गुरुर में दो पाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुबह करीब 250 बच्चों तथा दोपहर में 150 बच्चों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ब्रह्मा कुमार भाई तथा ब्रह्माकुमारी बहनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया।

# खनिज प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए नई गाइड लाइन जारी

**बालोद।** केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत खनिज प्रभावित क्षेत्र के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए नई गाइड लाइन जारी की गई है। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के नई गाइडलाइन के परिपालन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 12 सितंबर 25 को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किया गया है।

प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना 2024 के नई गाईडलाईन के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों की पहचान के लिए खनन क्षेत्र से प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र हेतु 15 किमी के दायरे में एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र हेतु खदानों की 25 किमी के दायरे को प्रावधान किया गया है। प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के खानों की सीमा 15 किमी से अधिक नहीं बढ़ायी जाएगी। इसी तरह अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में खानों की सीमा 25 किमी से अधिक नहीं होना चाहिए। चाहे यह संबधित जिले या निकटवर्ती जिले के भीतर आता हो।उल्लेखनीय है कि जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 के तहत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रें का निर्धारण जिले के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला के बाहर राज्य शासन द्वारा किया जाना विनिर्दिष्ट किया गया था। इसी तरह जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के उपयोग के संबंध में नई गाईड लाईन के तहत जिला खनिज संस्थान न्यास निधि का न्यूनतम 70 प्रतिशत केवल प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र में व्यय किया जाएगा। पूर्व में इसके लिए केवल 60 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया गया था। इसके साथ ही नई गाईड लाईन के तहत अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के निधि के 30 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया गया है। पूर्व में इसके लिए केवल 40 प्रतिशत प्रावधान किया गया था। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के नई गाईडलाईन के अनुसार जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद के अध्यक्ष जिला कलेक्टर के अलावा क्षेत्रीय सांसद, राज्यसभा सदस्य एवं विधायकगणों को शासी परिषद का सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। अब नई गाईडलाईन के अनुसार अब वर्ष में कम से कम दो बार जिला खनिज संस्थान न्यास की बैठक आयोजित किया जाना अनिवार्य है।

## निधन

### बुधारू राम सोनबोईर



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम आतरगांव निवासी बुधारू राम सोनबोईर पिता कबिलास सोनबोईर 47 वर्ष प्रधानपाठक प्राथमिक शाला आंतरगांव का आकस्मिक निधन शनिवार दिनांक 27 सितंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक, परिवारजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वे समीप के ग्राम कामता निवासी तुकाराम साहू के बेटी दामाद थे।

## 0 ग्रामीण और व्यवसायी भी अब उठाने लगे लाभ

# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सभी के लिए लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में बालोद निवासी मनीष कोठारी ने इस योजना का लाभ उठाकर न सिर्फ अपने घर, बल्कि अपने व्यवसाय को भी सशक्त बनाया है।

कोठारी बालोद में कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करते हैं, जहां प्रतिदिन अत्यधिक बिजली की खपत होती है। पहले उन्हें हर महीने 3 से 5 हजार रुपये तक का बिजली बिल भुगतान करना पड़ता था। उन्होंने बढ़ते खर्च से परेशान होकर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कराया, जिससे अब उनका बिजली का बिल ''शून्य'' हो चुका है। इसके साथ ही उन्हें इस योजना के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से कुल 1 लाख 8 हजार की सब्सिडी भी प्राप्त हुई है।



कोठारी ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना वास्तव में प्रशंसनीय है। इसने न सिर्फ हमें आर्थिक बोझ से मुक्त किया है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूक भी बनाया है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना आम लोगों को उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले हम बिजली के उपभोक्ता थे, लेकिन अब हम ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं। यह शासन की दूरदर्शी सोच है, जो न केवल हमारी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि पर्यावरण को भी स्वच्छ बना रही है। साथ ही उन्होंने जिले के अन्य नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने घरों और व्यवसायों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएं। बालोद के मनीष कोठारी का यह कदम निश्चित रूप से जिले के अन्य व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। यह दर्शाता है कि सरकार की दूरदर्शी नीतियां सीधे जनता तक पहुंचकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के हर घर को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत घरों की छतों पर सौर पैनल स्थापित किए जाते हैं, जिससे बिजली का उत्पादन होता है। यह न केवल बिजली बिल को कम करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे सौर सिस्टम लगवाने की लागत कम हो जाती है।

## पेज 9 के शेष...

### राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग...

का सफल आयोजन संपन्न किया। इस उपलब्धि के लिए बालोद जिला के कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार पटेल और सहायक पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने खेल के सफल आयोजन एवं चौंपियनशिप ट्रॉफी प्राप्त करने पर खिलाड़ियों सहित वेटलिफ्टिंग के कोच प्रकाश देशमुख, रितेश कुमार और योगेश सोनकर सहित समस्त वेटलिफ्टिंग के सदस्यों को बधाई दी। इसके साथ ही हम बालोद जिला के खिलाड़ियों को जानकारी देना चाहते हैं कि जो खिलाड़ी आगामी 10 अक्टूबर 2025 को बलौदा बाजार में होने वाली छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप में शामिल होना चाहते हैं वह खिलाड़ी चयन हेतु 30 सितंबर को फिटनेस वर्ल्ड जिम बालोद में समय 10 बजे चयन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपना आधार कार्ड के साथ समय पर आ जाये।

### 5 रुपए के विवाद में दुकानदार....

कर दिया और कहा कि नहीं देंगे, जाओ जो कराना है कर लो। इसके बाद वह दुकानदार को गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी।

चूड़ा मारकर किया लहूलुहान गाली-गलौज करने पर दुकानदार कोमल प्रसाद सोनी दुकान से बाहर निकले और टोपेश को गाली न देने के लिए कहा। इस पर टोपेश ने गुस्से में अपने हाथ में पहने चूड़ा (कंगन) से दुकानदार पर हमला करने की कोशिश की। जब हमला चूक गया, तो टोपेश ने अपने हाथ से चूड़ा निकाला और उसे दुकानदार के सिर के बाएं तरफ मारा, जिससे उनका सिर कट गया और खून बहने लगा। पीड़ित दुकानदार कोमल प्रसाद सोनी की शिकायत पर, पुलिस ने आरोपी टोपेश कुमार बंधु के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## खबर संक्षेप



### कंवर में रासेयो दिवस मनाया

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 24 सितंबर2025 को रासेयो दिवस मनाया गया। संस्था के प्राचार्य केआर.कोवाची द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र पर पूजा अर्चन, कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यशोदा, चेतना, गीतांजली द्वारा प्रेरणा गीत हम होंगे कामयाब गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम प्रभारी केआर.भंडारी द्वारा रासेयो के उद्देश्य, जीवन दर्शन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में केके. तारम व्याख्याता, किरण यादव, एलएन धुरव विज्ञान सहायक व छात्र–छात्राएं उपस्थित हुए।

### श्रीकृष्ण माता कर्मा प्राण प्रतिष्ठा कोनारी में आज

**अंडा।** तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के कार्यालय भवन में श्रीकृष्ण माता कर्मा मूर्ति का प्राणप्रतिष्ठा व कमला सदन का लोकार्पण एवं दाऊ उत्तम साव पुण्य तिथि संस्मरण का आयोजन 28 सितम्बर को रखा गया है। कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे से कलश यात्रा,10.30 बजे प्राणप्रतिष्ठा प्रारंभ,अतिथियों का आगमन दोपहर 1 बजे स्थान-तहसील साहू संघ कोनारी में सम्पन्न होगा।
कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, नंदलाल साहू,पूर्व मंत्री रमशीला साहू,पूर्व विधायक दयाराम साहू, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छ.ग. शासन जितेन्द्र साहू, दीपक ताराचंद साहू, राजेन्द्र साहू, विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग श्रद्धा साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग सुश्री प्रिया साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कोनारी गुंजेश्वरी पारख जौहरी आदि की उपस्थिति में होगा।

### हल्बा-हल्बी युवक - युवतियों परिचय सम्मेलन आज

**बालोद।** अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज 36 गढ़ केन्द्रीय महासभा के तत्वाधान में 28 सितंबर को समाज के विवाह योग्य युवक युवतियो का परिवार सम्मेलन आयोजन किया गया है।
कार्यक्रम मे सामाजिक पत्रिका बिहाव मडवा अंक अंक 5 वर्ष 2025–26 का विमोचन किया जावेगा। पत्रिका में शादी योग्य 400 से अधिक युवक युवतियो का परिचय प्रकाशित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर भोजराज नाग रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज 36 गढ़ केंद्रिय महासभा डॉ देवेन्द्र माहला करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, अध्यक्ष केंद्रिय कर्मचारी प्रकोष्ट राधेश्याम नायक, सदस्य जिला पंचायत बालोद प्रभा नायक, सदस्य जिला पंचायत बालोद चुन्नी मानकर, सदस्य जिला पंचायत बालोद राजाराम तारम, अध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डी मोहन्ती चौरका उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### परमिला बाई गंजीर

**गुरूर।** ग्राम धनोरा भरदा निवासी परमिला बाई गंजीर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे छगन लाल गंजीर की मां व दामिनी की सास व सामबती गंजीर की सास थी।



### बुधारू राम सोनबोईर

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम आतरगांव निवासी बुधारू राम सोनबोईर पिता कबिलास 47 वर्ष प्रधानपाठक प्राथमिक शाला आंतरगांव का निधन शनिवार 27 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें गणमान्य नागरिक, परिवारजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**आयोजन : मुख्य अतिथि डॉ. लीना साहू ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा और व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया**

# शहीद दुर्वासा महाविद्यालय में रासेयो का 56वां स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा




■ स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 56 वां स्थापना दिवस एवं शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद डॉ लीना साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सोमाली गुप्ता ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक छत्तीसगढ़ ओपी देवांगन, प्रजापति पूर्व कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ प्रदीप कुमार, प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो प्रभा शर्मा, शिक्षादूत समाजसेवी पुसऊ यादव, वरिष्ठ स्वयंसेवक राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन, प्रणव तिवारी, दानेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत व राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना राज्य गीत लक्ष्य गीत गाकर किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ लीना साहू जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद ने कहा कि समाजसेवा करने और व्यक्तित्व विकास चरित्र निर्माण करने का सबसे बड़ा मंच है राष्ट्रीय सेवा योजना यह आपको शून्य से शिखर पर ले जा सकती है। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय द्वारा पूरे भारत में यह संचालित किया जाता है। साथ ही स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था की प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता ने स्वयंसेवकों को समाजसेवा करने के लिए प्रेरित किया।

वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ओपी देवांगन सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक ने स्वयंसेवकों को अपने संगीत जीवन के अनुभवों और संगीत कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ अपने बांसुरी के मधुर संगीत के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ लोक कला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में अपनी विशेष भूमिका निभा रहे हैं। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस एवं शपथग्रहण समारोह के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें पायल निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गीतिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान रागिनी साहू ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम का आभार प्रकट प्रभा शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक राकेश कुमार ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ स्वयंसेवक राकेश कुमार, सुदर्शन साहू, शुभम्-देशमुख, भानु प्रकाश देशमुख, कुलेश ठाकुर, हेमचंद भारती, सूरज नागवंशी, राहुल, रेणुका कांशी, रागिनी साहू, पायल खरे, आरती देशमुख, सिम्मी देशमुख, निशा साहू, संध्या साहू, भूमिका साहू, दिनेश बंजारे, चित्रंश व समस्त स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## एपीएस स्कूल में हुआ गरबा छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आनंद पब्लिक स्कूल में रास-गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतीक जैन, संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, नोपचंद जैन, रवि जैन, प्रभा जैन, प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू तथा पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यदु की उपस्थिति रही। गरबा नृत्य की पहली प्रस्तुति कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं द्वारा दी गई, जिन्होंने रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक नृत्य शैली से सभी का मन मोह लिया। अंतिम प्रस्तुति कक्षा 6वीं से 8वीं तक की छात्राओं द्वारा दी गई। बारिश की फुहारों में भी गरबा का आनंद सभी ने भरपूर लिया। इस अवसर पर विद्यालय के पालकों ने भी गरबा नृत्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें शिक्षकों ने भी सहभागिता निभाई और खूब नाचे।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों को भी सांस्कृतिक उत्सव का आनंद साझा करने का मंच प्रदान किया।

## पंचमी में कराया गया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में हायर सेकेण्डरी स्कूल बड़गांव के द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व में न्योता भोज सह कन्या भोज व कन्या पूजन किया गया। न्योता भोज के अंतर्गत नवरात्रि के पंचमी तिथि को कन्या पूजन के साथ न्योता भोज कराया गया जिसके अंतर्गत प्राथमिक शाला के सभी कन्याओं का विधि-विधान पूर्वक तिलक, आरती कर, चुनरी चढ़ा कर,चरण प्रच्छालन कर, खीर, पूरी, खिलाकर सभी कन्याओं से आशीर्वाद लिया गया तथा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के सभी बच्चों को पेन, प्लेट,चम्मच के साथ माता जी का श्रृंगार का सम्पूर्ण सामग्री भेंट किया गया। इस पुनित अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार उईके, सहित हायर सेकंडरी स्कूल बड़गांव के व्याख्याता एच चौरके,सुशीला ध्रुवे,भेनुमति चतुर्वेदी, कादम्बिनी यादव, खिलेश्वरी तिवारी एवं शिक्षक सिद्धेश्वर यदु, सरिता साहू, दीपिका साहू एवं प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक राजेश यादव, रमन लाल धनेन्द्र, एवं सहायक शिक्षक रेखा देशमुख, हितेश्वरी साहू, व शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख, धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू सहित, रसोईया यमुना यादव, नमिता यादव, सरिता व सफाई कर्मी कन्हैया लाल कोसमा, भूषण साहू का विशेष योगदान रहा।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा सिरपुर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं उपस्थित जन समूह को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई गई। इसमें हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करते हुए अपने परिवेश में स्वच्छ भारत मिशन के प्रचार पर बल दिया गया। शिक्षिका निशा साहू द्वारा स्वच्छ बालिका स्वस्थ बालिका पर वीडियो कार्यक्रम आयोजित कर किशोरी बालिकाओं को स्वस्थ जीवन शैली हेतु सफाई की आदतों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। कक्षा एवं शाला परिसर को साफ सुथरा रखने, हाथ धुलाई के सही तरीके, व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ सामूहिक स्वच्छता को ध्यान में रखने, स्वच्छता संबंधी नारे, जागरूकता रैली, स्वच्छ गांव स्वस्थ देश पर स्लोगन लेखन तथा वाचन, ड्राइंग एवं पोस्टर निर्माण आदि गतिविधियां आयोजित की गईं। शिक्षक वासुदेव पटेल ने बताया कि स्वच्छता के सात प्रकारों में व्यक्तिगत, पर्यावरणीय, घरेलू, भोजन, जल, अपशिष्ट प्रबंधन और आपातकालीन स्वच्छता शामिल हैं। घरेलू स्वच्छता घर और आस-पास की सफाई से संबंधित है, भोजन स्वच्छता भोजन तैयार करने और परोसने की स्वच्छता से संबंधित है। जल स्वच्छता पीने के पानी को सुरक्षित रखने से संबंधित है। स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन प्रधान पाठक टेमन लाल राणा एवं शिक्षक मनीष देशमुख के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष बने झग्गर सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

शनिवार को कलंगपुर परिक्षेत्रीय साहू समाज का चुनाव स्थानीय साहू भवन मे सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष भोथीपार झग्गर सिंह साहू, उपाध्यक्ष चारभाठा कुंजलाल साहू, संगठन सचिव चाराचार उमाकांत साहू, महिला उपाध्यक्ष कलंपुर लता साहू, महिला संगठन सचिव चारभाठा योगीता साहू बने।

चुनाव कराने गुण्डरदेही तहसील के चुनाव प्रभारी जेपी साहू, तहसील उपाध्यक्ष हेमंत कुमार साहू, डॉ टीमक सिंह साहू, जेआर साहू, दिलीप कुमार कुलहारे, किसन साहू, भानुमती साहू, तहसील गुण्डरदेही अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा, ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू के द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया। कलंगपुर परिक्षेत्र के पुर्व अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद साहू, संरक्षक कुसल राम साहू, न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक बल्दु राम साहू, कार्यकारणी सदस्य भीखारी राम साहू, सचिव गोपीराम साहू, सांवत राम साहू, नीता साहू, डोमेशवरी साहू, शीला साहू, नेतराम साहू, हरदेव लाल सार्वा, शशी कुमार साहू, ताजू राम साहू, ग्रामिन साहू, समाज कलंगपुर अध्यक्ष नारायण साहू, सचिव डीलेशवर साहू एवं 16 गांवो के साहू समाज अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर का विशेष सहयोग रहा।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में जीर्णोद्धार के बाद की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर स्थित वर्षों पुराने हनुमान जी के मंदिर का जीर्णोधार मंदिर समिति के द्वारा कराया गया जिसके बाद पूरे विधि विधान से मंदिर में पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या मे श्रद्वालु उपस्थित थे।



नगर के अंबेडकर चौक स्थित वर्षो पुराने हनुमान मंदिर कई साल पुराने निर्माण के कारण जीर्ण शीर्ण हो गया था जहां बढ़ते श्रद्वालुओ व विभिन्न पूजा पाठ के आयोजनो के चलते हनुमान जी के मंदिर के जीर्णोधार करने की मांग नगर के लोगो के साथ्ज्ञ श्रद्वालुओ द्वारा लगातार की जा रही थी इसी को ध्यान मे रखते हुए समिति द्वारा मंदिर का जीर्णोधार का कार्य 2.50 लाख की लागत से कराया गया। जिसके बाद मंदिर मे पूजा कार्यक्रम का आयोजन कर विधि विधान से भगवान हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठि किया गया। जिसमे मंदिर के पुजारी पंडित आचार्य सुरेश पाण्डेय की देख रेख मे यह पूरा कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर सामील भगवती प्रसाद यादव, गुलशन कुमार, मुकेश यादव, डॉ सिन्हा, जीवन यादव उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद ने आयोजित किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





नवरात्रि पर विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति संगठन ने वार्षिक कार्यक्रम के तहत बालोद शहर के संजय नगर मंच में स्थित दुर्गा पंडाल में दुर्गाअष्टमी कार्यक्रम और शस्त्र पूजन का आयोजन किया।

इस आयोजन की मुख्य वक्ता देवांगन समाज की जिला अध्यक्ष केसर देवांगन ने महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और संगठित होकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए महिलाओं को मिलकर काम करना होगा ताकि राष्ट्र परम वैभव के शिखर तक पहुंच सके। अध्यापिका तुलसी डोंगरे ने नशा मुक्ति पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मोहल्लों में दुर्गा और गणेश समितियां बनती हैं, उसी प्रकार महिलाएं नशामुक्ति समिति बनाकर अपने वार्ड और नगर को नशामुक्त करने की दिशा में पहल कर सकती हैं। उन्होंने समाज और परिवार में बढ़ते लड़ाई-झगड़े और अलगाव का मूल कारण नशे को बताया और युवाओं को इसकी गिरफ्त से बचाने के लिए महिलाओं को आगे आने का आह्वान किया। विहिप की उपाध्यक्ष ममता यदु ने कुटुंब प्रबोधन के कार्यों की जानकारी दी और परिवार के बीच समय-समय पर एक साथ बैठकर भोजन, भजन और सामूहिक चर्चा करने की आवश्यकता पर बल दिया।नवरात्रि के चौथे दिन बालोद नगर के प्राचीन नयापारा स्थित महामाया देवी मंदिर प्रांगण के गरबा पंडाल में भी मातृशक्तियों और दुर्गावाहिनी की बहनों ने मिलकर माता रानी के समक्ष शस्त्र पूजन किया और आराधना की।कार्यक्रम में विहिप की मातृशक्तियों ने सामूहिक दुर्गा चालीसा पाठ, भजन, ओमकार मंत्र और विजय मंत्र का जाप किया। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों को दुर्गा चालीसा पुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ममता यदु, पूजा जैन, रानी योगी, भारती बांडे, सरोज श्रीवास, राखी नसीने, कलिन यादव, तारा यादव, रोहणी साहू सहित अन्य मातृशक्तियां और मंदिर समिति के सदस्यगण शामिल हुए। अंत में माता दुर्गा जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी ने चलाया स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के द्वारा संस्था प्रमुख एल के ठाकुर की उपस्थिति एवं रेडक्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा तथा सहायक हेमंत साहू के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया । शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा पाम, फायकस, जेट्रोफा और मौलश्री के पौधो का रोपण किया। साथ ही साथ समस्त क्यारियों की सफाई रेडक्रॉस वालेंटियर के द्वारा किया गया। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा पौधो की सुरक्षा व स्वच्छता का शपथ लिया गया। उक्त कार्यक्रम में रेडक्रॉस जिला प्रबंधन समिति के सदस्य एनुका शार्वा, आजीवन सदस्य प्रदीप कुमार मेश्राम, डुप्ले साहू, लवण साहू, कपिल पटेल, व्याख्याता डी आर साहू, आर एस देशमुख, वीरेंद्र भंडारी, एस वैदे, पी कटेंद्र, छाया नंदा,आर एन योगी, अविनाश साहू, टी साहू, भूपेंद्र पटेल, हेमपुष्पा नाईक, राकेश कोठारी, बिरेन्द नायक, सूर्योदय मानिकपूरी, डामन देशमुख रेडक्रॉस वालेंटियर श्वेता, वेनिका, यामिनी, विद्या, चेष्टा, अमर, लेहान, डिंपल,समृद्धि, खुशबू,दामिनी सहित समस्त छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सेजस स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ

**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव के मार्गदर्शन में चिरायु टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सक दल से डॉ. वाईके वर्मा, मनीषा देवांगन, अनीता साहू एवं लोकेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे। टीम ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें एनीमिया की रोकथाम, संतुलित आहार एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता मिलन सिंह सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थी ही समाज और राष्ट्र की सशक्त नींव हैं। ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर न केवल बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हैं बल्कि उनके भविष्य को भी सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही, जिनमें विजय लक्ष्मी ठाकुर कार्यक्रम प्रभारी, पी चंद्राकर, कांति टांडिया, आरएन राणा, रेखा ठाकुर, व्ही. देवांगन, चित्रा साहू, निर्मला कोमिया, निधि नंद, प्रेम सिंह साहू, वीर सिंह ठाकुर, जे.एल. बढ़ाई, सुनील देशलहरे, रेख लाल भोंसले, छविता रात्रे, सुमन वर्मा एवं गरिमा खोबरागड़े प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### गुंडरदेही में हुआ सेवा पखवाड़ा का आयोजन



**बालोद/कलंगपुर।** भाजपा मण्डल गुण्डरदेही अचौद शक्ति केंद्र अंतर्गत बूथ क्रमांक 248 में सेवा पखवाड़ा के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अचौद शक्ति केंद्र संयोजक मोपेन्द्र कुमार साहू, सहसंयोजक तोमन साहू, बूथ अध्यक्ष दुलार ठाकुर, तामेश्वरी साहू, बुधारु साहू, पोषण साहू, प्राण साहू एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुन्देरा - तवेरा पहुंच मार्ग जर्जर

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम मुन्देरा से तवेरा पहुंच मार्ग जर्जर स्थिति में है। यह मार्ग पैदल चलने लायक भी नहीं है। बारिश के दिनों में अंचलवासियों को और अधिक तकलीफ होती है। ग्रामीण मरम्मत के लिए कलेक्टर एवं शासन प्रशासन को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया। विरोध में 3 अक्टूबर को गुंडरदेही–धमतरी मुख्य मार्ग के मुंदेरा चौक में धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम के लिए तहसीलदार कोमल सिंह ध्रुव को ज्ञापन सौंपा गया है। अल्टीमेटम सौंपने के दौरान ग्राम पंचायत मुंदेरा की सरपंच प्रीति ग्वालियर, जनपद पंचायत सभापति वंदना हिरवानी, उपसरपंच मीनू यादव, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष महेश प्रताप साहू, सचिव गिरेन्द्र यादव, भोजराज साहू सहित पंचगण उपस्थित थे।

**जानकारी : एपीके फाइल डाउनलोड, ओटीपी शेयरिंग व ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खतरों की दी जानकारी**

# हायर सेकंडरी चिखली विद्यालय के छात्र-छात्राओं को दी साइबर सुरक्षा और नशामुक्ति की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



साइबर जागरूकता एवं नशामुक्ति अभियान के तहत हायर सेकंडरी स्कूल चिखली के छात्र–छात्रओं को जागरूक किया गया। एपीके फाइल डाउनलोड के नुकसान एवं ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया संबंधित अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। 1930 साइबर क्राइम कंप्लेंट हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। महिला, बाल संबंधित अपराध, संरक्षण एवं उनके अधिकार एवं हेल्पलाइन नंबर (चाइल्डलाइन) की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल चिखली में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में साइबर सेल टीम एवं महिला सेल स्टाफ द्वारा छात्र–छात्रओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को बताया गया कि मोबाइल की लत एवं गलत उपयोग किस प्रकार विद्याथएँ जीवन को प्रभावित करता है। सोशल मीडिया अपराध, ऑनलाइन गेमिंग, अनजान लिंक और ओटीपी शेयरिंग से जुड़े साइबर फ्रॉड के खतरों की जानकारी दी गई।

छात्रें को एपीके फाइल से होने वाली मोबाइल हैकिंग/फ्रॉड के सम्बन्ध में जानकारी देकर ऐसे फाइल को डाउनलोड करने से बचने, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने और सीमित समय में मोबाइल का सही उपयोग करने की सीख दी गई। साथ ही उन्हें यह बताया गया कि किसी भी प्रकार के साइबर अपराध की स्थिति में वे 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। महिला एवं बाल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस विभाग/प्रशासन द्वारा सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े अपराध जैसे घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, बाल शोषण, मानव तस्करी आदि गंभीर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई हेतु विशेष प्रकोष्ठ सक्रिय हैं। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित किसी भी शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1091 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला सहायता) एवं 1098 (चाइल्डलाइन) की जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संबंध में अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता आप आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

नशामुक्ति विषय पर छात्रें को समझाया गया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। यह पारिवारिक जीवन में कलेश उत्पन्न करता है, अपराध एवं सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, बेहतर जीवनशैली अपनाने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। साथ ही छात्रें को नशे के विरुद्ध संकल्प भी दिलवाया गया।

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में जिले के अन्य विद्यालयों एवं विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहेंगे, ताकि साइबर सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। जागरूकता कार्यक्रम में साइबर सेल बालोद से प्र.आर. रूम लाल चुरेंद्र, प्र.आर. भुनेश्वर मरकाम, महिला सेल बालोद से एएसआई सीता गोस्वामी, म.आर. द्रौपती साहू, एवं सरपंच रम्हऊ राम स्कूल प्राचार्य संजय ठाकुर, रेडक्रास प्रभारी चन्द्रशेखर पवार, टामिन साहु, दीप्ति कोसमार्य सुषमा यादव छात्र छात्रएं उपस्थित थे।

# मुर्गा लड़ाई बना जुए-सट्टे का अड्डा, आदिवासी अंचल की परंपरा अब विवादों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक मनोरंजन के नाम से शुरू हुई मुर्गा लड़ाई अब धीरे-धीरे अपने असली स्वरूप से भटककर जुए और सट्टेबाजी का अड्डा बन चुकी है। दल्लीराजहरा शहर के आसपास के आदिवासी इलाकों—कारूटोला, आमाडूला, चिहरो सहित दर्जनों गांवों में हर सप्ताह लगने वाले हाट-बाजारों में मुर्गा लड़ाई का खेल अब केवल मनोरंजन नहीं रहा, बल्कि इसमें लाखों-करोड़ों रुपये का दांव खेला जा रहा है। कभी ग्रामीणों के बीच रोमांच और पारंपरिक उत्सव का हिस्सा रही यह लड़ाई अब संगठित जुआ-सट्टे का माध्यम बन गई है। मुर्गा लड़ाई में जीत-हार पर ग्रामीण खुलेआम नकदी का दांव लगाते हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। कई परिवार कर्ज में डूब जाते हैं और नशे की लत में फंसकर अपना सर्वस्व गंवा देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन बाजारों में अब बाहरी जुआरियों और दलालों की घुसपैठ हो गई है, जो भारी रकम लगाकर माहौल को और खतरनाक बना रहे हैं। इसमें हिंसक झगड़े और विवाद भी आम हो चले हैं। कई बार पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इस कुप्रथा को रोकने में नाकामी देखने को मिलती है।

# नवरात्रि अवसर पर शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जय माता रानी दुर्गाउत्सव समिति द्वारा ग्राम पेण्डरवानी मे क्वांर नवरात्रि के अवसर पर श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 23 सितंबर से किया जा रहा है जिसका समापन 30 सितंबर को होगा। जिसमे क था वा च क मनोज दुबे महराज है। जिसमे कथा समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

जिसमे 27 सितंबर को मातारानी पंचमी मनाई गई। 1 अक्टूबर को मातारानी हवन किया जाएगा। 2 अक्टूबर को मातारानी का विसर्जन किया जाएगा। कथा अंतर्गत 23 सितंबर को कलश यात्र, पंचवेदी पूजन, चंचुला कथा सुनाया गया। 24 सितंबर को पुराण परिचय, भस्म रूद्राक्ष, महिमा वर्णन कथा सुनाया गया। 25 सितंबर को नारद मोह, सृष्टि वर्णन, पंचमुख कथा सुनाया गया। 26 सितंबर को सति चरित्र, मां पार्वती जन्म एवं जन्मोत्स्व मनाया गया। 27 सितंबर को गंगवितरण, शिव पार्वती विवाह, पार्वती शिव अभिशेक किया गया। 28 सितंबर को भगवान शिव के अन्य अवतार द्वादश ज्योर्तिलिंग कथा होगा। 29 सितंबर को तुलसी महिमा वर्णन, चढ़ौत्री, शोभा यात्र निकाला जाएगा। 30 सितंबर को पंचाक्षर महिमा, यज्ञ, पुर्णाहूति, रूद्राभिशेक, महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

जिसमे समिति के संरक्षक एसकुमार साहू, अध्यक्ष लिखन साहू, उपाध्यक्ष ब्रिजेश देवांगन, कोशाध्यक्ष खेमराज साहू, सचिव निरंजन साहू, सहसचिव तिलोचन देवांगन, सदस्य साधुराम साहू, जयचंद सपहा, मुरली साहू, देवानंद देवांगन, तोरण साहू, मोहन निशाद, मुरारी साहू, बलराम यादव, सोनसाय साहू तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।



## 9.52 लाख की लागत से चबूतरा निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**गुण्डरदेही।** नगर के मुस्लिम कब्रिस्तान में चबूतरा निर्माण कार्य के लिए शनिवार को भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके साथ ही 9.52 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत हो गई है। यह निर्माण कार्य मुस्लिम समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा होगा। कार्यक्रम मे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर विशिष्ट अतिथि पार्षद सलीम खान, फैज बक्श, सुल्तान नासिर तिगाला और हरीश निषाद की उपस्थिति मे भूमिपूजन संपन्न हुआ इस अवसर पर मुस्लिम सामाज के मोहम्मद आरिफ खान, नासिर तिगाला, जुनैद गोरी, वहीद कुरैशी, अकरम निर्वाण, शेख वहीद, सरफुद्दीन खान, इनायत बख्श, रैनुद्दीन, अब्दुल हमीद बाबा भाई, मुबारक अली सहित मुस्लिम समाज के अनेक पदाधिकारीगण और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# हायर सेकंडरी के छात्रों ने ओजोन परत संरक्षण विषय पर लगाई पोस्ट प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में ओजोन परत संरक्षण विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन ईको क्लब द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख पद्मा कोठारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विज्ञान प्रभारी नंदिनी जोशी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का निर्देशन ईको क्लब प्रभारी डोंगरमल रामटेके ने किया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने किया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी। कला संकाय की छात्रा गिरिजा खरे ने विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि ओज़ोन क्षरण तब होता है, जब समताप मंडलीय ओज़ोन के उत्पादन और विनाश के बीच प्राकृतिक संतुलन गड़बड़ा जाता है। हालांकि प्राकृतिक घटनाएं ओज़ोन क्षरण का कारण बन सकती हैं, लेकिन सीएफ़सी जैसी मानवीय गतिविधियां अब क्षरण का प्रमुख कारण मानी जाती है। कक्षा बारहवीं कला संकाय की छात्रा भाविता चनाप ने कहा कि ओजोन परत में सबसे बड़ा छिद्र अंटार्कटिका के ऊपर पाया जाता है. यह छिद्र 'ओजोन क्षयकारी क्षेत्र' कहलाता है और हर साल अंटार्कटिका में सूर्य के प्रकाश के लौटने पर, सितंबर और अक्टूबर के महीनों में क्लोरीन और ब्रोमीन के कारण ओजोन की तीव्र क्षति से बनता है। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख पद्मा कोठारी ने आयोजन हेतु प्रतिभागी छात्र छात्राओं और वक्तागणों की सराहना की। इस अवसर पर संस्था प्रमुख पद्मा कोठारी, बबीता दीवान, किरण शिवाने, अर्पणा वर्मा, आलोक विश्वकर्मा, रेड क्रॉस प्रभारी रीमा सोरी, उर्मिला तारम, व्यायाम शिक्षक तीजूराम कुमेटी, सुधीर कुमार, धर्मिता देहारी, लालिमा रात्रे, गिरिजा ठाकुर, संगीता सुधाकर, शाला नायक गिरिजा खरे, उपशालानायक कुमकुम यादव, क्रीडा सचिव महेंद्र साहू, अनुशासन सचिव चांदनी साहू आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला बड़गांव में हुआ गरबा

**डौंडीलोहारा।** नवरात्रि के पंचमी पर प्राथमिक शाला बड़गांव गरबा कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य डोमेन्द्र राजपूत, ग्राम सरपंच सुरेश ठाकुर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष तिलोचन पटेल शामिल हुए। शनिवार बैगलेस डे को यादगार बनाने के उद्देश्य से शाला के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक टिकेंद्र रामटेके द्वारा सभी बच्चों को गरबा में भाग लेने के लिए डांडिया बनाकर लाने कहा गया। सभी बच्चों ने घर पर अपने हाथों से बनाये हुए डांडिया के साथ उपस्थित हुए और डांडिया के मधुर ताल में ताल मिलाते हुए शानदार मनमोहक प्रस्तुति दिए।इस आयोजन से सभी बच्चे खुश होकर झूम उठे। अंत मे सभी बच्चों को प्रभारी प्रधान पाठक कमलकांत साहू द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आसपास सफाई रखने स्वच्छता शपथ दिलाकर हाथ धुलवाई के 7 चरण बताकर हाथ धुलवाया गया एवं टीका लगाकर देवी दुर्गा माता स्वरूपा बच्चों का वंदन कर न्योता भोज करवाया गया। इस अवसर पर जनपद सभापति डोमेद्र राजपूत क्षेत्र क्रमांक 18, बड़गांव, सरपंच सुरेश ठाकुर शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष तिलोचन पटेल अन्य ग्रामवासी खुशी जाहिर करते हुए सराहना किये एवं भविष्य मे ऐसे आयोजन करवाने के लिए उत्साहवर्धन किये।



# कॉलेज में शिक्षा में संस्कार पर हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में शुक्रवार को शिक्षा में संस्कार का योगदान विषय पर एक परिचर्चा बैठक हुई। बैठक में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश केला, सदस्यों, और प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल सहित स्टाफ ने हिस्सा लिया।

परिचर्चा के दौरान स्कूल-कॉलेजों में लड़कों की निरंतर गिरती हुई संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला ने पिछले वार्षिक सम्मेलन में सांसद विजय बघेल के उद्धरण को दोहराते हुए कहा कि कॉलेज में बेटियों की संख्या 80 प्रतिशत और बेटों की संख्या मात्र 20 प्रतिशत है। उन्होंने 'बेटी पढ़ाओ अभियान' की सफलता की सराहना करते हुए, अब बेटा पढ़ाओ अभियान को युद्ध स्तर पर चलाने की सख्त जरूरत बताई, ताकि शिक्षा के स्तर में बालक-बालिकाओं के बीच इतना बड़ा अंतर न आए। जनभागीदारी समिति के सदस्य सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि संस्कार के अभाव में संतान में भटकाव पैदा हुआ है, जो लड़कों में ज्यादा दिख रहा है और यही कारण है कि उनकी संख्या घट रही है। प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने शिक्षा में संस्कार की महती भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति अरुचि संस्कार के अभाव को दर्शाती है। उन्होंने पाश्चात्य संस्कृति और मोबाइल के दुरुपयोग को संस्कार का स्तर गिराने का मुख्य कारण बताया, जिससे संतानें माता-पिता और गुरु की बातों को नजरअंदाज कर रही हैं। इस मौके पर लालेश्वर साहू, पूर्णेंद्र सिन्हा, लालजी डहरे, जयप्रकाश चंद्राकर, तेजेंद्र पिपरिया, भोज साहू, नरेंद्र धरमगुड़ी और महाविद्यालय प्रतिनिधि नीता कुंभारे, डॉ. आबिद हासन खान, चेतना सोनी, डॉ. संतोष पांडे भी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. संतोष पांडे ने किया।

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## शांति और दिव्यता का संदेश देती चैतन्य देवियों की झांकियां

# नवरात्रि पर्व पर ब्रह्माकुमारीज की चैतन्य झांकी बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नवदुर्गा के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए आमापारा स्थित आत्मज्ञान भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी लोंगो के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। एक के बाद एक चौतन्य देवियां प्रकट होकर जड़ मूर्ति के रूप में स्थिर होकर भक्तों को दर्शन दे उन्हें शांति और दिव्यता की अनुभूति करा रही है। झांकी के दूसरे दिन उद्घाटन के अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पवन साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पाटएँ केसी. पवार, नगरपालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, मुकेश शर्मा, ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी थे। भ्राता पवन साहू ने चैतन्य झांकी की प्रशंसा करते हुए कहा कि देवी स्वरूप में विराजमान इन बहनों की स्थिरता अनवरत योग साधना का ही प्रतिफल है। जब यहां पर मेडिटेशन कराया गया तो मै कुछ समय के लिए यह भूल गया था कि चैतन्य झांकी देखने पहुंचा हुआ हूं, एक अलग ही दुनिया की अनुभूति हुई। इसके लिए मै ब्रह्माकुमारी दीदीयों का धन्यवाद करता हूं। बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने संस्था के संस्थापक दादा लेखराज(ब्रह्मा बाबा) का परिचय कराते हुए बताया कि बाबा ने अपने तन मन धन को विश्व कल्याण हेतु समर्पित करके हम सबके सामने उदाहरण बने। इसी का परिणाम आज आप सभी देख रहे है कि ब्रह्माकुमारी संस्था पूरे विश्व भर में अपनी निष्काम एवं निःस्वार्थ सेवाएं कर रही है। आप भी अपने तन मन धन एवं जन के माध्यम से सहयोगी बनकर विश्व कल्याण के इस पुनीत कार्य में सहयोगी बन सकते है। आए हुए अतिथियों का भोपसिंह साहू ने आभार व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि यह चैतन्य झांकी प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित होगी तथा 2 अक्टूबर से सात दिवसीय राजयोग शिविर रखा गया है।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
गालब्लेडर एवं गालब्लेडर की पथरी का लेप्रोस्कोपिक विधि व्दारा सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
- गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
- संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज

एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:– 7354–411411